हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]



तापमान

अधिकतम .26 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में शामिल हुई गांव की बेटी सुनीति



## खबर संक्षेप

### आंबा सहायिका के रिक्त पदों पर दावा-आपत्ति

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र मिट्ठुमुड़ा सी वार्ड क्रमांक 36, भोलेपारा बी वार्ड क्रमांक 16 तथा आंगनवाड़ी केंद्र विनोबानगर वार्ड क्रमांक 24 में आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु जारी प्रारंभिक अंतिम मूल्यांकन पत्रक पर दावा.आपत्ति आमंत्रित की गई है। परियोजना कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार दावा.आपत्ति की अवधि 14 से 23 जनवरी 2026 तक सायं 5.30 बजे तक निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी दावा-आपत्ति आवेदन सीधे परियोजना कार्यालय में अथवा डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### सामान्य गृहणी से सफल डेयरी उद्यमी बनी ज्योत्सना

**रायगढ़।** ज्योत्सना पटेल जिन्होंने राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना का लाभ उठाकर सामान्य गृहणी से सफल डेयरी उद्यमी बनने का साहसिक और प्रेरक कदम उठाया। सरकारी योजनाएं केवल आर्थिक सहारा नहींए बल्कि महिलाओं को स्वावलंबी और सशक्त बनाने का अवसर भी प्रदान करती हैं। रायगढ़ विनोबानगर की श्रीमती ज्योत्सना पटेल पति राजाराम पटेल पहले एक सामान्य गृहणी थीं। उनका जीवन घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित था। लेकिन उनकी मेहनत और सपनों की बड़ी इच्छा ने उन्हें एक नया रास्ता दिखाया। वर्ष 2024-25 में उन्हें राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के अंतर्गत 70 हजार रुपए की वित्तीय सहायता मिली। यह सहायता उनके लिए सिर्फ पैसे नहींए बल्कि एक सपनों को सच करने का अवसर बन गई। उन्होंने नवम्बर 2024 में दो उन्नत नस्ल की गायें खरीदी। ये गायें प्रतिदिन 20 लीटर दूध देती थीं। दूध बेचने से उन्हें प्रतिदिन 800 रुपए और प्रतिमाह लगभग 24 हजार रुपए का शुद्ध लाभ होने लगा। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्होंने अपने जीवन की दिशा बदलने का फैसला किया। श्रीमती ज्योत्सना ने अपने छोटे व्यवसाय को बड़ी मेहनत और बुद्धिमानी से बढ़ाया। आज उनके पास 14 दुधारू गाय और 6 बछिया हैं। आज वह डेयरी से प्रतिदिन 150 लीटर दूध का उत्पादन कर रही है। इसके माध्यम से उन्हें प्रतिदिन 3.4 हजार रुपए तक की आमदनी होती है। उनके व्यवसाय की सफलता केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं रही।


## बीते खरीफ सीजन 2024-25 में लोहरसिंग और खरसिया संग्रहण केंद्र में किया गया था भंडारण

# कवर्धा, महासमुंद से पहले रायगढ़ के दो संग्रहण केंद्रों में आ चुकी है साढ़े 9 करोड़ के धान की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कवर्धा और महासमुंद जिले के संग्रहण केंद्रों में हुई धान कमी को लेकर पूरे प्रदेश में जहां बवाल मचा हुआ है। वहीं रायगढ़ के दो संग्रहण केंद्रों लोरहसिंग और खरसिया में करीब साढ़े 9 करोड़ की कमी का मामला बीते सितंबर में ही सामने आ चुका था। संग्रहण केंद्र प्रभारियों को इसके लिए नोटिस जारी की गई है और उनका जवाब भी आ चका है, लेकिन कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी है। दोनों संग्रहण केंद्रों में करीब 3 फीसदी की कमी आने की बात कही जा रही है। इसे विभाग के अधिकारी सूखत ही मान रहे हैं। हालांकि जब-जब संग्रहण केंद्रों में धान भंडारण किया गया है तब –तब कमी सामने आई है। बीते खरीफ सीजन 2024-25 में खरसिया संग्रहण केंद्र में 1 लाख 59 हजार 186 क्विंटल और लोहरसिंग संग्रहण केंद्र में 7 लाख 71 हजार 245 क्विंटल धान भंडारण किया गया था। मिलरों द्वारा उठाव होने के बाद बचत धान की नीलामी की गई थी। इस दौरान खरसिया संग्रहण केंद्र में 5 हजार 324 क्विंटल और लोहरसिंग संग्रहण केंद्र में 25 हजार 227 क्विंटल का शॉर्टेज आया है। याने खरसिया में 3.35 और लोहसिंग में 3.26 प्रतिशत की कमी आने की बात कही जा रही है। देखा जाए तो दोनों संग्रहण केंद्रों में करीब 3 फीसदी की कमी आई है। इस लिहाज से कमी धान की कीमत करीब 9 करोड़ 47 लाख है। यह केवल 3100 के हिसाब से आंकलन है, जबकि हमाली से लेकर संग्रहण केंद्रों तक पहुंचाने तक का भाड़ा जोड़ा जाए तो करीब 4000 के आसपास धान खरीदी पड़ती है। इसके लिए संग्रहण प्रभारियों को नोटिस तो जारी किया गया है, लेकिन अब तक आगे कार्रवाई नहीं बढ़ पाई है।

कार्रवाई के नाम पर केवल नोटिस, जवाब भी आया



### फेल हो जाती है सारी मॉनिटरिंग

धान खरीदी का पूरा सिस्टम मार्कफेड से ही संचालित होती है। हालांकि इसमें कई विभाग जरूर जुड़े रहते हैं, लेकिन मूल काम विपणन विभाग की होता है। ऐसे में संग्रहण केंद्रों में भंडारित धान की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी भी होती है, लेकिन वहां सब फेल हो जाती है। संग्रहण केंद्र में सूखत के नाम पर शॉर्टेज मान्य करा लिया जाता है, लेकिन यही कमी समितियों में आई तो डंडा मारकर वसूल कर ली जाती है। इसमें लाखों खर्च हो जाता है, लेकिन सारी मॉनिटरिंग धरी की धरी रह जाती है।

### कहां कितनी कमी

| संग्रहण केंद्र | भंडारण | कमी |
|---|---|---|
| लोहरसिंग | 771245 | 25227 |
| खरसिया | 159186 | 5324 |

संग्रहण केंद्र प्रभारियों को नोटिस की गई है। समिति के बजाए संग्रहण केंद्रों में ज्यादा समय तक धान भंडारित रहता है। इसलिए सूखत आती है।

**जान्हवी जैन**
डीएमओ

### 17 से जनपद प्रीमियर लीग क्रिकेट का आगाज

**रायगढ़।** जिला पंचायत के तत्वावधान में जिला जनपद प्रीमियर लीग क्रिकेट का आयोजन होने जा रहा है। प्रतियोगिता का आगाज 17 जनवरी को होगा। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 18 जनवरी को लाल मैदान में खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारी- कर्मचारी आपस में खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य आपसी सद्भाव, टीम भावना और स्वस्थ कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना है। खेल आयोजन के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों के साथ एक सद्भावना मैच भी खेला जाएगा। इसके साथ ही महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए रस्साकसी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे महिला सहभागिता और उत्साह को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में एक बैठक आयोजित की गई।

# मैली केलो मैया को बचाने उद्धार समिति आज करेगी महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मकर संक्रांति पर्व पर एक दशक से चली आ रही केलो महा आरती की परंपरा का आज निर्वहन केलो उद्धार समिति करेगी। मैली केलो को बचाने इस महाआरती का आयोजन हर साल किया जाता है। इस साल केलो मैया की 10 वीं महा आरती होगी। इसके लिए केलो तट को रोशनी से सजाया गया है। वहीं महा आरती 11पंडितों द्वारा की जाएगी। मेला में कई तरह के आकर्षक कार्यक्रम भी होंगे। जानकारी मिली है इस साल कुछ नयापन करने की योजना केलो उद्धार समिति की ओर से बनाई गई है। आज शाम 6 बजे केलो मैया की महा आरती होगी। खास बात यह है कि इस बार वहां का आकर्षण बनारस के प्रेम मंदिर की तरह होने की बात कही जा रही है। केलो उद्धार समिति के तत्वाधान में केलो मैया महाआरती शहर के छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक मंच के सभी सदस्यों के द्वारा विगत 9 वर्षों से समलाई घाट में समाज के लोगों को पर्यावरण व जल स्वच्छता संरक्षण का संदेश देने के पवित्र उद्देश्य से केलो महा आरती का भव्य आयोजन किया जा रहा है जो हर किसी के लिए अब एक ऐतिहासिक आयोजन बन चुका है साथ ही परंपरा का रूप भी ले लिया है। इस आयोजन को गति देते हुए इस 10वें वर्ष में भी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर समलाई घाट में भव्य केलो महाआरती का आयोजन समिति के सभी सदस्यों द्वारा शहर वासियों के विशेष उपस्थिति में बेहद ही खुशनुमा माहौल में किया जाएगा। जिसमें सर्वप्रथम जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पंडित बृजेश्वर मिश्रा के साथ 11 पंडितों की अगुवाई में समलाई माता की पूजा अर्चना करने के पश्चात घाट में स्थित केलो मैया के मंदिर में कीर्तन भजन के साथ शाम 6 बजे पंडित बृजेश्वर मिश्रा व सहयोगी 11पंडितों के सानिध्य में पूजा अर्चना सम्मिलित हजारों श्रद्धालुओं के साथ की जाएगी इसके पश्चात समूचा स्थल केलो मैया की भव्य भजन संध्या आयोजन में शामिल होगी।

**खास बात**

- 11 पंडित करेंगे पूजा, पूजा स्थल में कई तरह के होंगे आकर्षक कार्यक्रम



मकर संक्रांति के पर्व पर केलो महा आरती की एक दशक से चल रही है परंपरा

### शिव के साथ हनुमान की भी होगी पूजा

इस बार भी केलो नदी में शिवलिंग की स्थापना के साथ हनुमान जी भी साथ में रहेंगे जिसकी विधिवत पूजा अर्चना की जाएगी महाआरती में उपस्थित लोगों ने केलो मैया महाआरती में पवित्र मन से शामिल होकर पर्यावरण और जल को संचित करने का संकल्प भी लेंगे। शाम को समलाई घाट राजा पारा केलो मैया के पूजा अर्चना के बाद स्थानीय कलाकारों का भजन प्रारंभ होगा इस भव्य आयोजन में शहर की गाणमान्य नागरिकों के अतिरिक्त शहर के सामाजिक संस्था के लोग शामिल होंगे।

### स्टॉल के लिए मारामारी

पूर्व में इस आयोजन के दौरान जो स्टॉल बनाए जाते थे उनको लेने के लिए कोई आगे नहीं आता था, लेकिन अब इसकी प्रसिद्धी इतनी बढ़ गई है कि स्टॉल के लिए मारामारी मची रहती है। वहां करीब 30स्टॉल बनाए गए हैं जिसमें कई तरह की दुकानें सजेंगी।

# स्कूटी सवार पिता-पुत्र को कार ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम तेतला के पास एनएच पर कार के टक्कर से स्कूटी में सवार पिता- पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुसौर टीआई रामकिंकर यादव, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और बेकाबू भीड़ को काबू किया। पिता- पुत्र के शव को पीएम के लिए पुसौर अस्पताल भेजा गया। जानकारी अनुसार रायगढ़ सोनुमुड़ा निवासी रामेश्वर निषाद पिता स्व. जनकु निषाद 38 और उसका 10 वर्षीय पुत्र तरूण पिता रामेश्वर निषाद स्कूटी क्रमांक सीजी 13 यूजे 1403 में सवार होकर ग्राम कलमा जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा की ओर अनियंत्रित गति से आ रही कार क्रमांक सीजी 07 बीएम 9602 ने स्कूटी में सवार पिता-पुत्र को अपने चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की मौके पर ही रामेश्वर निषाद एवं उसका तरूण निषाद की मौत हो गई। वहीं घटनाकारित कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार और स्कूटी को थाना पुसौर लाया और मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि मृतक रामेश्वर निशाद के दो बड़े भाईयों का बीते 2 वर्षो में निधन हो गया। जिसमें एक का सड़क दुर्घटना में तथा दूसरे का लकवा से हुआ और अब इसका भी हो गया जो कि किसी तरह मृतक रामेश्वर निषाद अपने भाईयों के परिवार को सम्हाल रहा था। धारा 106/1/ बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है। कार चालक को भी पुलिस गिरफ्त में आने की बात कही जा रही है। हालांकि देर शाम तक पुलिस ने इसकी पुष्टि नही की थी।



# पुलिस ने किया 25 किलो गांजा जब्त,दो तस्कर गिरफ्तार

**सरिया।** सरिया पुलिस ने मारुति स्विफ्ट डिजायर कार में गांजा परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 25 किलो 935 ग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त गांजा की कीमत करीब 2.50 लाख बताई गई है। 12 जनवरी को पेट्रोलिंग के दौरान एक स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक डब्लूबी 06 एफ 4202 ओडिशा से गांजा लेकर सरिया की ओर आने की जानकारी मिली थी। थाना सरिया के सामने मुख्य मार्ग पर घेराबंदी कर वाहन को रोका गया। कार की तलाशी लेने पर सफेद प्लास्टिक बोरियों में भरे 25 पैकेट गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम शीतल प्रकाश पाठक, निवासी मऊरानीपुर, जिला झांसी उत्तर प्रदेश एवं कल्लू केंवट, निवासी आजादपुरा, जिला कटनी मध्य प्रदेश बताया। आरोपियों ने ओडिशा के सोनपुर जिले से गांजा लाकर कटनी व झांसी क्षेत्र में बिक्री के लिए ले जाना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजा के साथ घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार कीमत लगभग 5 लाख रुपए एवं एक मोबाइल फोन जब्त किया है। कुल जब्त संपत्ति की कीमत करीब 7 लाख 51 हजार 800 रुपए आंकी गई है। इस मामले में थाना सरिया में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



## अल्पसंख्यकों को मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष जोर

# अल्पसंख्यकों को योजनाओं का मिले लाभः सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला स्तरीय अल्पसंख्यक कल्याण समिति एवं प्रधानमंत्री नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे ने की। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के लिए संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे ने कहा कि शासन की मंशानुसार अल्पसंख्यकों हितग्राहियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें शासन की सभी योजनाओं का समान एवं समयबद्ध लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शिक्षा, छात्रवृत्ति, रोजगार, स्वास्थ्य एवं आवास से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाया जाए। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं के त्वरित निराकरण पर भी विशेष जोर दिया। साथ हीए उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अल्पसंख्यकों के लिए संचालित शासकीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक हितग्राही लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने नगरीय निकायों में संचालित योजनाओं एवं उनसे लाभान्वित हितग्राहियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 192 अल्पसंख्यक हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। शिक्षा विभाग ने बताया कि निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना से 171, मध्यान्ह भोजन योजना से 3041, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक योजना से 8820 तथा गणवेश वितरण योजना से 2468 अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को लाभ मिला है। वहीं महतारी दुलार योजना से 8 अल्पसंख्यक हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने जानकारी दी कि पूरक पोषण आहार कार्यक्रम के तहत 1836 अल्पसंख्यकों को गर्म भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना से 12,036 अल्पसंख्यक हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं।





## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री कल बगीचा विकासखंड में विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल



जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्यों को गंभीरता से करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा आगामी 15 जनवरी को बगीचा विकासखंड में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके लिए विभाग को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि आम सभा के साथ विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन भी करेंगे स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मेगा हेल्थ कैंप का भी शुभारंभ करेंगे साथ ही महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन का भी वितरण किया जाएगा उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के तहत जिनकी प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है उन कार्यों के लिए प्रथम किश्त की राशि शीघ्र जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं ताकि निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जा सकें।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम पंडरीपानी निवासी स्व. राजू कण्डरा का पानी में डूबने से 09 जून 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी नईहारो कन्दरा हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर लगा 10 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। शराब के नशे में बाइक चलाने वाले व्यक्ति पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। बता दें कि सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस टीम द्वारा यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जांच के दौरान बतौली पुलिस ने पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 0184 को रोककर चालक बतौली बेंदोकोना घोघरा निवासी 23 वर्षीय रुपेश केरकेट्टा आ. विश्वनाथ केरकेट्टा की ब्रेथ ऐनालाइजर से जांच की। जांच के दौरान चालक शराब के नशे में धुत पाया गया।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए युवक की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम टिमरला निवासी कल्याण राम आ. रमेश राम (20 वर्ष) 29 दिसंबर को गांव से हडिया शराब पीकर घर आया और उल्टी करने लगा। 3 जनवरी को पुनः उल्टी करने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन युवक के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान बीती रात युवक की मौत हो गई।

### दो लाख के नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया युवक

**अम्बिकापुर।** बाइक से नशीले इंजेक्शन की सप्लाई कर रहे युवक को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने पकडा। टीम ने युवक के पास से दो लाख कीमत के 192 नग नशीले इंजेक्शन जब्त किया। टीम ने युवक के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम प्रभारी रंजित गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिला कि रनपुर खुर्द निवासी हजरत अली ऑक्सीजन पार्क बधिया चुआं के आसपास अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 ईजी 1662 से भारी मात्रा में किसी को नशीला इंजेक्शन की सप्लाई करने वाला है। सूचना पर तत्काल सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने ऑक्सीजन पार्क के आसपास सिविल ड्रेस में घेराबंदी करवाई।

**सजल ग्रुप महिला समूह की पहल सड़क पर उतरकर दिया सुरक्षा का संदेश**

# हेलमेट पहनने वालों को स्माइली बैज, बिना हेलमेट वालों को गुलाब




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

तेज रफ्तार और लापरवाही से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जशपुर में एक अनोखी पहल देखने को मिली। कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत सजल ग्रुप महिला समूह की महिलाएं सड़क पर उतरीं और वाहन चालकों को सख्ती नहीं, बल्कि संवेदनशील तरीके से यातायात नियमों का महत्व समझाया।

महिलाओं ने हेलमेट पहनकर वाहन चला रहे जागरूक नागरिकों को स्माइली बैज लगाकर सम्मानित किया, वहीं हेलमेट नहीं पहनने वालों को गुलाब देकर समझाइश दी गई। यह जागरूकता अभियान 11 जनवरी को कुनकुरी थाना क्षेत्र के मयाली में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान महिलाओं ने राहगीरों और वाहन चालकों को बताया कि हेलमेट और सीट बेल्ट कोई मजबूरी नहीं, बल्कि दुर्घटना के समय जीवन बचाने का सबसे मजबूत कवच हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को सिर में लगने वाली गंभीर चोटों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा सिंह विशेष रूप से मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता से ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। वहीं श्रीमती अभिलाषा गुप्ता ने चालान और हेलमेट के महत्व पर प्रेरक बातें साझा कीं।

**ये हैं सड़क हादसों के बड़े कारण**

महिलाओं ने बताया कि तेज गति, नशे की हालत में वाहन चलाना, गलत दिशा में ड्राइविंग और ट्रैफिक सिग्नल तोड़ना सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

**घर से शुरू होती है यातायात सुरक्षा**

रौनियार महिला शक्ति की अध्यक्ष एवं सजल ग्रुप की सक्रिय सदस्य सीमा गुप्ता ने कहा, यातायात सुरक्षा की शुरुआत घर से होती है। अगर महिलाएं ठान लें, तो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को नियमों के पालन के लिए जागरूक कर सकती हैं।

**जीवन के प्रति सुरक्षा की भावना**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि जशपुरनगर के सजल ग्रुप महिला समूह की यह पहल यह संदेश देता है कि सड़क सुरक्षा कानून का डर नहीं, जीवन के प्रति जिम्मेदारी की भावना है। सजल ग्रुप जशपुर पुलिस के साथ मिलकर कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत यातायात को लेकर लोगों को जागरूक करने का पहल किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। जशपुर पुलिस अन्य समूहों के साथ मिलकर आगे भी ऐसे प्रयास करेगी।

**ये रहे उपस्थित**

इस अभियान में सीमा गुप्ता, अभिलाषा गुप्ता, हेमा शर्मा, शशि साहू, मंजुला झा, ज्योति श्रीवास्तव, किरण महतो, सुलोचना महापात्रे, ज्योति साहनी, ममता सिन्हा, डॉली कुशवाहा, नीतू श्रीवास्तव, सरिता साहू, रीना अग्रवाल, किरण यादव, प्रगति अग्रवाल सहित अन्य महिलाएं शामिल रहीं।

## कलमा बैराज के नीचे महानदी में बना बालू का अवैध बांध, छत्तीसगढ़ से तुरंत हटाने की मांग



**झारसुगुड़ा।** ओडिशा में महानदी के प्रवेश से पहले छत्तीसगढ़ के अंतिम बैराज कलमा के नीचे बालू बांध के निर्माण को लेकर गत 23 दिसंबर और 4 जनवरी को संबाद में खोजी समाचार प्रकाशित हुए थे, जिससे महानदी विवाद एक बार फिर चर्चा में आ गया है।

पूर्व मंत्री विजय महापात्र और रवि पाणि पिछले तीन दिनों से झारसुगुड़ा दौरे पर हैं। उन्होंने कल कलमा बैराज का निरीक्षण कर बालू बांध की स्थिति का जायजा लिया। सोमवार को झारसुगुड़ा में आयोजित प्रेस वार्ता में महापात्र ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई पानी के लिए है किसी राजनीतिक दल के लिए नहीं। श्री महापात्र ने कहा कि मीडिया में यह खबर आई थी कि बालू बांध के कारण महानदी का जल प्रवाह बाधित हो रहा है। इसलिए उन्होंने स्वयं कलमा, सुखासोढ़ा आदि क्षेत्रों का दौरा किया, जहां स्थिति बेहद गंभीर पाई गई। उन्होंने कहा कि महानदी पर जितना अधिकार छत्तीसगढ़ का है, उतना ही ओडिशा का भी है। उन्हें पानी लेने से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन ओडिशा के लोगों को उनके अधिकार से वंचित किया गया तो इसका विरोध होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हीराकुद जलाशय में जलस्तर 626 फीट है जो मई महीने तक और 10 फीट तक कम हो सकता है। महानदी जल विवाद का समाधान तुरंत होना चाहिए। इसके लिए एक निश्चित समय सीमा तय होनी चाहिए। उन्होंने वर्तमान सरकार से इस दिशा में त्वरित कदम उठाने का आग्रह किया और कहा कि इसके लिए तैयारी और राजनीतिक इच्छाशक्ति जरूरी है। केंद्र में और दोनों राज्यों में एक ही पार्टी की सरकार होने के बावजूद महानदी जल विवाद पर कोई प्रगति दिखाई नहीं दे रही है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के साथ बातचीत की है, लेकिन क्या बातचीत हुई, यह किसी को पता नहीं। उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं, लेकिन उद्योगों को कितने पानी की जरूरत होगी और वह पानी कहां से आएगा, इसकी कोई योजना नहीं बनाई गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1990 से 1995 के बीच उनकी सरकार ने झारसुगुड़ा की इब नदी पर जल संरक्षण व्यवस्था की योजना बनाई थी। उन्होंने सवाल उठाया कि वह प्रस्ताव अब कहां गया। बालू बांध तुरंत हटाए छत्तीसगढ़, स्थिति का अध्ययन करेगा महानदी बचाओ आंदोलन का प्रतिनिधिमंडल छत्तीसगढ़ सरकार महानदी के पानी का दोहन करने के साथ साथ नदी का गला घोंटने की एक नई साजिश कर रही है। कलमा बैराज के नीचे करीब 12 किलोमीटर दूर बालू का बांध बनाकर पानी रोककर उद्योगों को पानी सप्लाई किया जा रहा है। काफी विरोध और मांगों के बाद जब कलमा बैराज के दो फाटक थोड़े खोले गए और महानदी में पानी छोड़ा गया, तब ओडिशा के लोगों को कुछ राहत मिली थी। लेकिन नीचे की ओर उसी पानी को रोक देना न केवल ओडिशा के साथ अन्याय है, बल्कि नदी और पर्यावरण के लिए भी खतरा है। इस बालू बांध को तुरंत हटाने के लिए ओडिशा के मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को पत्र लिखें और उनसे बात करें यह मांग महानदी बचाओ आंदोलन के संयोजक सुदर्शन दास ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की।

## तिलका नगर सी ब्लॉक की पुलिया में वर्षों से जमे कचरों की सफाई शुरू

**राउरकेला।** तिलका नगर सी ब्लॉक स्थित पुलिया में वर्षों से जमा गंदगी और जाम नाली की समस्या का आखिरकार समाधान शुरू हो गया है। लंबे समय से इस पुलिया में गंदा पानी और कचरा जमा होने के कारण स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अंचल के लोगों ने कई बार प्रशासन से शिकायत कर नाली की सफाई कराने का प्रयास किया, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगी। भाजपा नेता बिरेन पती एंव अन्य के सहयोग व संयुक्त प्रयास से वर्षों से उपेक्षित इस गंदी नाली की सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया। सफाई कार्य शुरू होते ही क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए भाजपा युवा नेता गोपाल चौधरी का धन्यवाद किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी जनहित से जुड़ी समस्याओं का इसी तरह त्वरित समाधान किया जाएगा। लोगों का कहना है कि इस सफाई से न केवल गंदगी से निजात मिलेगी, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों और जलजमाव की समस्या भी दूर होगी।



## कोयल नगर रिक्रिएशन पार्क में लगे ताला टूटा

**राउरकेला।** लंबे समय से हो रही देरी और बढ़ते जन आक्रोश के बीच राउरकेला स्मार्ट सिटी लिमिटेड आरएससीएल के अधिकारियों ने रविवार को कोयल नगर रिक्रिएशन पार्क परिसर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और निर्माण कार्य पुनः शुरू कराया। पार्क का मुख्य द्वार पिछले काफी समय से ओडिशा फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ओएफडीसी द्वारा बंद रखा गया थाए जिससे दोनों एजेंसियों के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई थी।

इस घटनाक्रम ने एक बार फिर शहर की बहुप्रतीक्षित ड्रीम प्रोजेक्ट की समय सीमा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर के समाजसेवी डॉ राजकुमार यादव द्वारा बार बार चिंता जताए जाने के बावजूद व लिखित कई शिकायत के पुलिंदों के बावजूद अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि परियोजना आखिर कब पूरी होगी और इस पर जाँच समिति ने रिपोर्ट भी दर्ज की थी जिसमे डॉ यादव ने करोड़ों की अनीमिताओं को लेकर सवाल खड़े किए थे। कोएल नगर रिक्रिएशन पार्क परियोजना की शुरुआत वर्ष 2020 में राउरकेला स्मार्ट सिटी लिमिटेड की एक महत्वाकांक्षी पहल के रूप में की गई थी। लगभग 42 एकड़ क्षेत्र में फैली इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 23 करोड़ रुपए तय की गई थी।



## राउरकेला में साइबर ठगी नेटवर्क का भंडाफोड़ बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत का खुलासा



**राउरकेला।** ओडिशा पुलिस ने राउरकेला में सक्रिय एक संगठित साइबर अपराध गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कथित रूप से कुछ बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर साइबर ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग को अंजाम दे रहा था। इस संबंध में राउरकेला थाना में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की विभिन्न धाराओं एवं आईटी एक्ट की धारा 66-डी में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह राउरकेला और आसपास के इलाकों के लोगों के नाम पर फर्जी तरीके से म्यूल बैंक अकाउंट खुलवाता था। इसके लिए सक्रिय सिम कार्ड, आधार, पैन जैसे पहचान पत्रों का दुरुपयोग किया जाता था। कई मामलों में बैंक के कुछ कर्मचारियों की लापरवाही या मौन सहमति से केवाईसी नियमों की अनदेखी कर खाते खोले गए। इन खातों का उपयोग देश-विदेश में फैले साइबर अपराधियों को बेचने या किराये पर देने के लिए किया जाता था। प्रत्येक खाते के बदले 5 से 10 हजार की राशि ली जाती थी, जिसे गिरोह के सदस्यों में बांट दिया जाता था। इन खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने, धन के लेन-देन को छिपाने तथा मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया जाता था। जांच में यह भी सामने आया है कि ये खाते ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड सहित विभिन्न साइबर अपराधों में प्रयुक्त हुए हैं।

### वेदांश राइस मिल सील, जांच में 9700 क्विंटल धान की पाई गई कमी

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले में धान के अवैध परिवहन एवं अवैध खपत के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं खपत के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार खाद्य विभाग, राजस्व विभाग एवं मार्कफेड की संयुक्त टीम द्वारा विकासखंड बगिया स्थित वेदांश राइस मिल का निरीक्षण किया गया।

### नाबालिग का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी, गया जेल

**जशपुरनगर।** बगीचा थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो बनाने और वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी को जशपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, 10 जनवरी को पीड़ित नाबालिग बालिका की बड़ी बहन उम्र 20 वर्ष ने थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उसके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से वीडियो प्राप्त हुआ था जिसमें उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बहन का अश्लील वीडियो है। पूछताछ पर पीड़िता ने बताया कि उक्त वीडियो सरगुजा जिले के निवासी आरोपी धर्मेंद्र मरकाम उम्र 23 वर्ष द्वारा बनाया गया था। आरोपी के रिश्तेदार पीड़िता के गांव में रहते हैं। 9 फरवरी 2025 की रात्रि लगभग 8 से 9 बजे के बीच आरोपी ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया तथा मोबाइल से अश्लील वीडियो बना लिया। घटना की जानकारी किसी को देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई थी, जिससे भयभीत होकर पीड़िता ने पहले किसी को नहीं बताया। परिजनों को सूचना देने के बाद थाना बगीचा में आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 64, 79, 308, पॉक्सो एक्ट की धारा 4 व 6 तथा आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

## सर्वसम्मति से नित्यानंद बने अध्यक्ष महिला अध्यक्ष चुनी गई बसंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




सोनूमुडा कालीमंदिर समीप सामुदायिक मंगल भवन में रायगढ़ नगर चौहान समाज का महत्वपूर्ण बैठक में सर्व सहमति से नित्यानंद चौहान चौहान को अध्यक्ष एवं श्रीमती बसंती चौहान महिला अध्यक्ष बनाया गया।

विकास खण्ड स्तर पर चौहान समाज के अध्यक्ष की जवाबदारी नित्यानंद चौहान को दी गई वही रायगढ़ नगर के लिए महिलाओं की जवाबदारी श्रीमती बसंती चौहान को दी गई है। पर्यवेक्षक महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा संगठन की गतिविधियों विस्तार देने हेतु यह नियुक्तिया की है ताकि भविष्य में अंतिम छोर में खड़े लोगो तक संगठन पहुंच सके। संगठन का उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सांगठनिक गतिविधिया जरूरी हैं । इस दौरान पर्यवेक्षक सरोज चौहान, संरक्षक महाबीर चौहान गुरूजी, दुखुलाल चौहान, कार्यकारिणी अध्यक्ष मनोहर चौहान, जिला उपाध्यक्ष पुनीलाल चौहान, संगठन मंत्री शिवाधर चौहान, खरसिया ब्लाक अध्यक्ष हरिलाल चौहान, डा. रूपलाल चौहान, डा. श्यामलाल चौहान, पार्षद कुंदन देहरी पार्षद धनेश्वरी दुतिया, रमेश दुतिया समेत पदाधिकरी और समाज के लोग मौजूद रहे।

## यांत्रिक खराबी से हुआ राउरकेला विमान दुर्घटना, प्रारंभिक जांच रिपोर्ट आई सामने

**राउरकेला।** राउरकेला विमान दुर्घटना को लेकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की जांच टीमें लगातार जांच में जुटी हुई हैं। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के अनुसार यह हादसा यांत्रिक खराबी के कारण हुआ। रविवार को दिल्ली, कोलकाता और भुवनेश्वर से पहुंची नागरिक उड्डयन महानिदेशालय डीजीसीए की टीम तथा विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो एएआईबी ने घटनास्थल का दौरा किया और हवाई मार्ग से भी स्थिति का निरीक्षण किया।

परिवहन विभाग की प्रमुख सचिव ऊषा पाढ़ी ने राउरकेला पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत की तथा जेपी अस्पताल जाकर गंभीर रूप से घायल पायलट और यात्रियों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। वहीं रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे परिवहन मंत्री विभूति भूषण जेना राउरकेला पहुंचे और सोमवार सुबह घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ रघुनाथपाली विधायक दुर्गाचरण तंती, बीरमित्रपुर के पूर्व विधायक शंकर ओराम और राउरकेला विधायक शारदा प्रसाद नायक भी मौजूद रहे। मंत्री ने जेपी अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की और आश्वस्त किया कि सभी को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।




**बेहतर माहौल में पढ़ाई कर रहे बच्चे**

# प्रधान पाठक के जुनून ने बदली विद्यालय की तस्वीर

**जशपुरनगर।** कुनकुरी विकासखंड मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर स्थित प्राथमिक विद्यालय डीपाटोली के प्रधान पाठक के जुनून ने इस विद्यालय की तस्वीर बदल दी है।

वर्तमान में इस स्कूल का परिदृश्य किसी प्राइवेट स्कूल से कम नजर नहीं आता। यहां अध्ययन के लिए आने वाले ग्रामीण बच्चे बेहतर पर्यावरणीय माहौल में अध्ययन करते हैं। इस विद्यालय की स्थिति आज से ठीक 3 वर्ष पूर्व ऐसी नहीं थी, उस समय बच्चों की दर्ज संख्या सिर्फ 7 थी। विद्यालय में भौतिक संसाधनों की कमी के साथ ही विद्यालय का परिसर उथला, उबड़- खाबड़, झाड़ियों, चट्टानों एवं पत्थरों से भरा पड़ा था, जिसके कारण जगह होते हुए भी बच्चों को खेलने के लिए न ही समतल मैदान था और ना ही किचन गार्डन के लिए पर्याप्त जगह। दिसंबर 2022 में प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति होकर लव कुमार गुप्ता ने जब पदभार ग्रहण किया तो उन्होंने विद्यालय की स्थिति को देखा और विद्यालय को सुंदर व आकर्षक बनाने के साथ - साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए समृद्ध वातावरण निर्माण करने का संकल्प लिया।



**विद्यालय परिसर का कराया समतलीकरण**

जून 2023 में जेसीबी एवं ट्रैक्टर लगाकर प्रधान पाठक ने अपने वेतन से विद्यालय परिसर का समतलीकरण कार्य कराया, अब बच्चों को खेलने एवं अन्य गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है।

**विद्युतीकरण एवं पुस्तकालय की व्यवस्था**

फ़रवरी 2023 में प्रधान पाठक ने विद्यालय को मिलने वाले अनुदान राशि एवं वेतन से शाला का विद्युतीकरण कराया तथा रेक क्रय कर मुस्कान पुस्तकालय विकसित कर बच्चों के अध्ययन के लिए पुस्तकें व्यवस्थित की, अब बच्चे पुस्तकालय का बेहतर उपयोग कर रहे हैं।


**विद्यालय परिसर को आकर्षक बनाने हेतु पौधरोपण**

परिसर के समतलीकरण उपरांत परिसर के चारों ओर 130 से भी अधिक फूलदार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया, वर्तमान में सभी पौधे बड़े हो चुके हैं तथा फूलों से सुसज्जित है जो विद्यालय को आकर्षक बनाते हैं।

**मुख्य गेट एवं रैम्प का कराया पुनर्निर्माण**

शाला का मुख्य गेट का रैम्प जो सड़क से बहुत नीचे था जिसके कारण बच्चों को शाला में प्रवेश करते समय कठिनाई का सामना करना पड़ता था, उस मुख्य गेट को तोड़कर सड़क से शाला के अंदर तक रैम्प का निर्माण कराया तथा गेट का मरम्मत कराकर उन्हें पुनर्स्थापित कराया।

## संगीत, नृत्य, कला और उत्साह से रंगा उत्सव हाफ मैराथन 2026




**राउरकेला।** राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी द्वारा 11 जनवरी को आमबागान गुंडिचा मंदिर चौक से सेक्टर 4 मधुबन चौक तक आयोजित एकता महोत्सव ने शहरवासियों को उत्साह और सांस्कृतिक आनंद से भर दिया। यह महोत्सव आगामी राउरकेला हाफ मैराथन 2026 के प्रोमो कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी आरएसपी, आलोक वर्मा, पूर्व निदेशक प्रभारी अतनु भौमिक, अध्यक्ष, दीपिका महिला संघति नम्रता वर्मा, कार्यपालक निदेशक, उप महानिरीक्षक, डीएमएस की उपाध्यक्षा, आरएसपी के वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न सरकारी तथा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। महोत्सव में लाइव संगीत बैंड निनाद नृत्य प्रदर्शन फैंसी ड्रेस, रंगोली, पेंटिंग, योग सत्र, जुम्बा और क्रिएटिव शिल्प स्टालों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध किया। चायए कॉफ़ी और स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल ने कार्यक्रम को और भी आनंदमय बनाया। इस सांस्कृतिक प्रदर्शनी में 800 से अधिक बच्चों सहित 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। आरएसपी का उद्देश्य इस महोत्सव के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी, स्वस्थ जीवन और सांस्कृतिक सद्भाव को बढ़ावा देना था।



# पीवीसी होशियार सिंह दहिया की पत्नी और बेटे से मुलाकात

**मुंबई।** वरुण धवन फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। यह फिल्म 23 जनवरी को रिलीज होगी। आज वरुण ने सोशल मीडिया हैंडल पर पीवीसी होशियार सिंह दहिया के परिवार से हुई मुलाकात की कुछ खास तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। वरुण धवन ने फिल्म बॉर्डर 2 में कर्नल होशियार सिंह दहिया की भूमिका निभाई है। वरुण ने पीवीसी होशियार सिंह दहिया की पत्नी श्रीमती धनो देवी और उनके बेटे कर्नल सुशील कुमाल दहिया से हुई मुलाकात की। जिसकी कुछ खास तस्वीरें वरुण ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। इसके साथ ही वरुण ने एक इमोशनल नोट भी लिखा है।

लाइफ Style

# श्रिया

## साझा की शूटिंग से बीटीएस तस्वीरें

प्राइम वीडियो की सुपरहिट वेब सीरीज मिर्जापुर अब फिल्म के रूप में सामने आएगी। मिर्जापुर द फिल्म की शूटिंग इन दिनों चल रही है। शूटिंग से कई तस्वीरें और वीडियोज भी सामने आ चुके हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब सीरीज का हिस्सा रहीं अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर ने शूटिंग से कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इनमें पहली तस्वीर में क्लैप बोर्ड नजर आ रहा है, जिस पर फिल्म का नाम 'मिर्जापुर द फिल्म' लिखा हुआ है। साथ ही स्क्रिप्ट रखी हुई है, जिस पर स्वास्तिक बना हुआ है और क्लैप बोर्ड व स्क्रिप्ट पर फूल चढ़े हुए हैं। इससे पता चलता है कि यह मुहूर्त शॉट की तस्वीर हो सकती है। इसके साथ ही श्रिया ने एक और तस्वीर भी साझा की है। इसमें पूजन हो रहा है और फिल्म की पूरी कास्ट व क्रू मौजूद है।

इसके साथ ही श्रिया ने कैप्शन में लिखा है, 'आठ साल बाद अंदाजा लगाइए कौन मौत के मुंह से वापस लौट आया है? श्रिया के कैप्शन के बाद अब ये साफ हो गया है कि मिर्जापुर के दूसरे सीजन में मर चुके मुन्ना भैया यानी दिव्येंदु शर्मा, 'मिर्जापुर द फिल्म' में वापसी कर रहे हैं। श्रिया ने जो फिल्म की कास्ट की तस्वीर साझा की है, उसमें दिव्येंदु शर्मा भी नजर आ रहे हैं। अब श्रिया के कैप्शन और इस तस्वीर से फैंस को ये कंफर्मेशन मिल गई है कि मुन्ना भैया का किरदार 'मिर्जापुर द फिल्म' में वापस आ रहा है। जाहिर है कि मुन्ना भैया शो का सबसे लोकप्रिय किरदार है।



## हॉलीवुड मसाला




# द ब्लफ में बनीं समुद्री डाकू

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा अमेरिकी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'द ब्लफ' में एक समुद्री डाकू के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म का टीजर प्राइम वीडियो पर रिलीज किया गया, जिसमें 'ब्लडी मैरी' के दमदार लुक में प्रियंका को देखकर उनके फैंस बेहद खुश हैं और फिल्म की रिलीज के लिए काफी उत्साहित हैं। फिल्म के कुछ सेकंड की झलक में प्रियंका ने एर्सेल ब्लडी मैरी के किरदार में सभी को चौंका दिया है। 'द ब्लफ' के टीजर में प्रियंका को एक खतरनाक समुद्री डाकू के किरदार में दिखाया गया है।



# पहनी भारतीय डिजाइनर सब्यसाची की ज्वेलरी

**लॉस एंजिल्स।** जेनिफर लोपेज ने लॉस एंजिल्स में वैनिटी फेयर और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज द्वारा आयोजित सेलिब्रेट अवार्ड्स सीजन 2026 और गोल्डन ग्लोब में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। खास बात यह है कि इस इवेंट में जेनिफर ने भारतीय ज्वेलरी डिजाइनर सब्यसाची की ज्वेलरी पहनीं। जेनिफर लोपेज ने लॉस एंजिल्स में वैनिटी फेयर और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज की ओर से आयोजित अवार्ड्स सीजन 2026 की पार्टी में बहुत शानदार लुक में हिस्सा लिया। उन्होंने 'शीयर एंड स्पार्कल' थीम के साथ जुहैर मुराद के काउचर गाउन और सब्यसाची की हाई ज्वैलरी पहनी। इसके अलावा उन्होंने गोल्डन ग्लोब्स 2026 की शुरुआत भी सब्यसाची की ज्वेलरी पहनकर की। गोल्डन ग्लोब्स से पहले की पार्टी में जेनिफर ने सब्यसाची की खूबसूरत ज्वैलरी पहनी।



# मर्दानी-3 में दिखा रानी का दबंग अंदाज

**मुंबई।** सोमवार को रानी मुखर्जी की अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' का ट्रेलर रिलीज हुआ। एक बार फिर वह दबंग पुलिस ऑफिसर के रोल में दिख रही हैं। इस बार उनका किरदार जिस केस को वह हैंडल करेगा, वह काफी खतरनाक होने वाला है। फिल्म 'मर्दानी 3' के ट्रेलर में रानी मुखर्जी के एंट्री अपने पुराने किरदार शिवानी शिवाजी रॉय के तौर पर होती है। शिवानी को इस बार एक नया केस सॉल्व करने को दिया जाता है। इस बार वह लापता लड़कियों को बचाने और खोजने के मिशन पर हैं। एक बार इस फिल्म में महिलाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाया गया है। फिल्म शैतान फेम जानकी बोड़ीवाला ने भी एक अहम किरदार इसमें निभाया है। फिल्म 'मर्दानी 3' के ट्रेलर में इस बार विलेन के तौर पर एक महिला नजर आती हैं।



# बॉर्डर-2 का तीसरा गाना जाते हुए लम्हों...

**मुंबई।** अपनी रिलीज से पहले ही सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की फिल्म 'बॉर्डर 2' चर्चाओं में बनी हुई है। 'घर कब आओगे' गाने की सफलता के बाद अब मेकर्स फिल्म का एक और नया गाना लेकर आए हैं। खास बात ये है कि यह गाना भी 'बॉर्डर' फिल्म के ही गाने का री-क्रिएटेड वर्जन है। मेकर्स ने सोमवार को 'जाते हुए लम्हों' गाना रिलीज किया है। जाते हुए लम्हों' के इस री-क्रिएटेड वर्जन को विशाल मिश्रा ने गाया है। साथ में गाने में ओरिजनल सॉन्ग के सिंगर रूप कुमार राठौड़ की आवाज भी सुनाई देती है। 'घर कब आओगे' गाने की तरह ही इस गाने को भी मिथुन ने ही कंपोज किया है। जबकि 'बॉर्डर फिल्म में इस गाने को जावेद अख्तर ने लिखा था और अनु मलिक ने कंपोज किया था।

## टीवी मसाला



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी ने बनाया रिकॉर्ड, पूरे किए 2000 एपिसोड

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने नया रिकॉर्ड बनाया है। इसके 2000 एपिसोड पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर एकता कपूर ने खुशी जाहिर की है। लोकप्रिय सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का दूसरा सीजन दर्शकों के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। इस बीच इसके नाम नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। मूल रूप से साल 2000 में शुरू हुए इस शो के दो हजार एपिसोड पूरे हो चुके हैं। पूरी टीम ने इसका जश्न मनाया है। साथ ही शो की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने भी खुशी जाहिर करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। एकता कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो साझा किया है। उन्होंने शो के शुरुआत से लेकर अब दूसरे सीजन तक की यात्रा के पलों को इस वीडियो में दिखाया है। इसके साथ लिखा है, 'हमें 2000 एपिसोड पूरे करने में 25 साल लग गए! सिर्फ इस माइलस्टोन को पूरा करने के लिए, हमने 25 साल पुराने शो को वापस लाने का फैसला किया। आप सभी का आभार। खासकर मां का, अमर उपाध्याय, स्मृति ईरानी, राजुभाई, तनु, अनंतिका, सिद्धार्थ, वरुण, प्रभजोत, श्वेता, धीरज और बालाजी का। इसके अलावा 'क्योंकि...' की पूरी टीम का आभार'। एकता कपूर ने आगे लिखा है, 'मैं स्टार परिवार में सभी को धन्यवाद देना चाहती हूं। उदय सर केविन सर सुमंतो दीपक अजय और पूरी स्टार टीम को। यह शो के लिए एक छोटी यात्रा है... हम ऐसा ही चाहते थे, लेकिन... हमने इस 2000 को और आगे बढ़ाया है। कुछ और एपिसोड के लिए। प्यार के लिए धन्यवाद। मैं आप सभी की हमेशा आभारी रहूंगी। जय माता दी। जय श्री कृष्णा, जय बालाजी'।

## प्रशांत की आखिरी फिल्म बैटल ऑफ गलवान

**नई दिल्ली।** 'इंडियन आइडल 3' के विनर प्रशांत तमांग अब इस दुनिया में नहीं हैं। स्ट्रोक ने उनकी जान ले ली। वो अपने पीछे तमाम यादें छोड़कर गए हैं। उन्होंने सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान' में काम किया है। अब उनके गुजरने के बाद ये उनकी आखिरी फिल्म होगी, जो 17 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज होगी। प्रशांत तमांग दिल्ली के जनकपुरी में अपने घर पर थे। परिवार का कहना है कि वो रात में अच्छी तरह से सोए थे, लेकिन सुबह उठ नहीं पाए। फैमिली ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से भी इनकार किया है। उनकी पत्नी गीता थापा उन्हें द्वारका के हॉस्पिटल लेकर गईं, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वो अपने पीछे 4 साल की बेटी आरिया को भी छोड़कर गए हैं। प्रशांत 'इंडियन आइडल' में आने से पहले कोलकाता पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। उनके पिता की मौत के बाद उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़कर ये पद संभाला था। फिर दोस्तों के कहने पर उन्होंने सिंगिंग रिएलिटी शो में पार्टिसिपेट किया।



# आमिर को सुनील समझ उनके ही ऑफिस से निकाला...

**मुंबई।** आमिर खान और वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेल' 16 जनवरी को थिएटर्स में रिलीज होने जा रही है। इस मूवी का एक प्रमोशनल वीडियो सामने आया है, जहां पर एक्टर को सुनील ग्रोवर समझकर उनके ही ऑफिस से बाहर निकाल दिया गया। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के बीते एपिसोड में जब कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे आए थे, तब सुनील ग्रोवर ने आमिर खान का गेटअप लिया था और एकदम उनके जैसे ही एक्ट करके सबको चौंका दिया था। उनकी खूब तारीफ हुई थी और लोगों ने उन्हें असली एक्टर से बेहतर बताया था। साथ ही फैंस इंतजार कर रहे थे कि सुनील और आमिर का आमना-सामना हो। लोगों की चाहत पूरी हुई और दोनों को एक साथ देखा गया। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। दरअसल, आमिर खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'हैप्पी पटेल' का प्रमोशन कर रहे हैं। इसी के प्रमोशनल वीडियो में उन्हें सुनील ग्रोवर के साथ देखा गया, जो 'दंगल' एक्टर की मिमिक्री करते नजर आए। लेकिन इस दौरान कॉमेडियन ने एक्टर को उनके ही ऑफिस से बाहर निकलवा दिया, जिसे देख हर कोई हंसी से लोटपोट हो रहा है। आमिर खान के सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में सुनील ग्रोवर एक कमरे में बैठे कुछ लिख रहे होते हैं। और वह एकदम एक्टर के लुक में नजर आते हैं। तभी वीर दार आते हैं और वह उन्हें देखकर चौंक जाते हैं। कहते हैं कि वह आमिर नहीं। थोड़ा अलग लग रहे हैं। इसके बाद वह दोनों बैठते हैं और बात करते हैं और सुनील उन्हें बोनस चेक भी दे देते हैं।




# सिंगर कुमार सानू ने प्रेमानंद जी महाराज को सुनाया 'तुम देना साथ' गाना...

**मुंबई।** एक तरफ सिंगर कुमार सानू की पत्नी के साथ कानूनी लड़ाई चल रही है, और दूसरी तरफ वो प्रेमानंद जी महाराज की शरण में जा पहुंचे हैं। उन्होंने पहले तो महाराज जी को अपना गाना 'तुम देना साथ मेरा ओ हमनवा' सुनाया। फिर उनका आशीर्वाद भी लिया। सिंगर कुमार सानू पत्नी के साथ कानूनी लड़ाई के बीच वृंदावन जा पहुंचे हैं और उन्होंने प्रेमानंद जी महाराज से मुलाकात की है। पहले तो कुमार सानू ने उन्हें गाना 'तुम देना साथ मेरा ओ हमनवा' सुनाया। प्रेमानंद जी भी उनके गाने को ध्यान से सुन रहे थे और वो भी मंत्रमुग्ध हो गए। बाद में महाराज जी ने उनकी खूब तारीफ की। प्रेमानंद जी ने उनसे कहा, 'हमारी सांसें बहुत कीमती हैं। आपने 50 साल में जो ऐश्वर्या कमाया, ऐसी कीमती सांसों में हम भगवान का नाम लें तो हमारा जीवन सफल हो जाएगा। शिव की चाह है तो उनका नाम लेते रहिए।' लोगों ने वीडियो पर राधे-राधे लिखकर प्यार जताया है। कुमार सानू ने पत्नी के खिलाफ जो याचिका दायर की, उसमें दावा किया गया है कि रीटा भट्टाचार्या ने विरल भयानी और फिल्म विंडो जैसे प्लेटफॉर्म पर इंटरव्यू दिए, जिनमें उन्होंने कुमार सानू पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कथित तौर पर दावा किया कि गर्भावस्था के दौरान उन्होंने उन्हें भूखा रखा, रसोई को बंद कर दिया, दूध और चिकित्सा देखभाल से वंचित रखा और प्रेग्नेंसी के दौरान अदालती कार्यवाही की। कुमार सानू ने दो बार शादी की है। उनकी पहली शादी 1986 में रीटा भट्टाचार्या से हुई थी, जिनके साथ उनका तलाक में हो गया। उनके दो बेटे हैं, जिनमें एक का नाम जान कुमार सानू है। कुमार सानू फिलहाल सलोनी भट्टाचार्य से शादीशुदा हैं, जिनसे उन्होंने 2001 में शादी की थी। इस कपल की दो बेटियां हैं।



## मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन और एक्ट्रेस निक्की ग्लेजर ने किया होस्ट

# वन बैटल आफ्टर अनदर बनी बेस्ट फिल्म, एडोलसेंस का दिखा जलवा

*लॉस एंजिल्स। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2026 का ऐलान हो गया है। हालांकि, इस बार किसी भी भारतीय फिलम या टीवी सीरीज को कोई नॉमिनेशन नहीं मिला, लेकिन इस इवेंट में देश की मौजूदगी जरूर थी। बॉलीवुड की देसी गर्ल और ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा बतौर अवॉर्ड प्रेजेंटर इस प्रतिष्ठित समारोह का हिस्सा बनीं। भारतीय समय के अनुसार, 12 जनवरी को सुबह 6.30 बजे अवॉर्ड शो शुरू हुआ। इसमें साल 2025 में फिल्म और अमेरिकन टेलीविजन शो को सम्मानित किया। सेरेमनी में पॉल थॉमस एंडरसन की फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर और जैक थॉर्न-स्टीफन ग्राहम की वेब सीरीज 'एडोलेसेंस ने सबसे अधिक 4-4 अवॉर्ड अपने नाम किए। डायरेक्टर क्लो झाओ की बायोग्राफिकल हिस्टोरिकल ड्रामा हैमनेट को बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा का अवॉर्ड मिला, जबकि लियोनार्डो डिकैप्रियो स्टारर वन बैटल आफ्टर अनदर ने बेस्ट मोशन पिक्चर – म्यूजिकल या कॉमेडी के लिए गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड जीता।*

*गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2026 को मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन और एक्ट्रेस निक्की ग्लेजर ने होस्ट किया। यह इस अवॉर्ड शो की उनकी लगातार दूसरी होस्टिंग थी। सेरेमनी में ब्राजील के हिस्टोरिकल पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म द सीक्रेट एजेंट ने बेस्ट मोशन पिक्चरः नॉन-इंग्लिश लैंग्वेज और बेस्ट एक्टर इन ए मोशन पिक्चरः ड्रामा (वैगनर मौरा), जैसे 2 बड़े अवॉर्ड जीते। जबकि बेस्ट पिक्चर के अलावा, हैमनेट के लिए जेसी बकले को बेस्ट एक्ट्रेस इन ए मोशन पिक्चर – ड्रामा का गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड भी मिला।*




### डॉन चेडले और जॉर्ज क्लूनी की मस्ती

एक्टर डॉन चेडले मंच पर 64 साल के जॉर्ज क्लूनी के साथ पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने इवेंट में मौजूद टिमोथी चालमेट से उनकी उम्र पूछी। टिमोथी ने बताया कि वो 30 साल के हैं। इस पर डॉन, साथ खड़े जॉर्ज क्लूनी से बोले- 'आखिरी बार जब तुमने गोल्डन ग्लोब जीता था तब टिमोथी मात्र 3 साल का था।'

### बेबी बंप के साथ स्टेज पर अवॉर्ड देने पहुंचीं हैली स्टैनफेल्ड

अमेरिकन एक्ट्रेस और सिंगर हैली स्टैनफेल्ड रेड कारपेट पर बेबी बंप के साथ नजर आईं। वे स्टेज प्रेजेंटर भी बनीं। उन्होंने बेस्ट लिमिटेड सीरीज, एंथोलॉजी सीरीज और मोशन पिक्चर का अवॉर्ड अनाउंस किया।

***'वन बैटल आफ्टर अनदर' बनी बेस्ट पिक्चर - म्यूजिकल/ कॉमेडी*** : 83वें गोल्डन ग्लोब्स अवॉर्ड्स में लियोनार्डो डिकैप्रियो स्टारर 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का जलवा, बेस्ट पिक्चर - म्यूजिकल/कॉमेडी।

### टिमोथी और रोज़ को बेस्ट एक्टर-बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

समारोह के दूसरे बड़े विजेताओं में 'मार्टी सुप्रीम' के लिए टिमोथी चालमेट (बेस्ट एक्टर इन ए मोशन पिक्चर – म्यूजिकल या कॉमेडी), 'इफ आई हैड लेग्स आई वुड किक यू' के लिए रोज़ बर्न (बेस्ट एक्ट्रेस इन ए मोशन पिक्चर – म्यूजिकल या कॉमेडी) को अवॉर्ड मिला। 'द पिट' को बेस्ट टेलीविजन सीरीज – ड्रामा का अवॉर्ड दिया गया, और 'द स्टूडियो' को बेस्ट टीवी सीरीज – म्यूजिकल या कॉमेडी का पुरस्कार मिला।

### सर्वश्रेष्ठ फिल्म मोशन पिक्चर- ड्रामा : हैमनेट

सर्वश्रेष्ठ फिल्म मोशन पिक्चर – म्यूजिकल/कॉमेडीः वन बैटल आफ्टर अनदर
सर्वश्रेष्ठ निर्देशकः पॉल थॉमस एंडरसन (वन बैटल आफ्टर अनदर)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता मोशन पिक्चर – ड्रामाः वैगनर मौरा (द सीक्रेट एजेंट)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री मोशन पिक्चर – ड्रामाः जेसी बकले (हैमनेट)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता मोशन पिक्चर – म्यूजिकल/कॉमेडीः टिमोथी चालमेट (मार्टी सुप्रीम)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री मोशन पिक्चर – म्यूजिकल/कॉमेडीः रोज बायरन (इफ आई हैड लेग्स आई'ड किक यू)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता मोशन पिक्चरः स्टेलन स्कार्सगार्ड (सेंटीमेंटल वैल्यू)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री मोशन पिक्चरः टेयाना टेलर (वन बैटल आफ्टर अनदर)
सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फिल्मः के-पॉप डेमन हंटर्स
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता टेलीविजन सीरीज/म्यूजिकल/कॉमेडीः सेठ रोजन (द स्टूडियो)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री टेलीविजन- एरिन डोहर्टी (एडोलसेंस)
सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता टेलीविजन- ओवेन कूपर (एडोलसेंस)
बेस्ट परफॉर्मेंस इन स्टैंड-अप कॉमेडी- रिकी गेरवाइस
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री टेलीविजन लिमिटेड सीरीज, एंथोलॉदी सीरीज या टेलीविजन मोशन पिक्चर - मिशेल विलियम्स (डाइंग फॉर...)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता टेलीविजन लिमिटेड सीरीज, एंथोलॉदी सीरीज या टेलीविजन मोशन पिक्चर- स्टीफन ग्राहम (एडोलसेंस)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता टेलीविजन सीरीज/ड्रामा- नोआ वाइल (द पिट)

## खबर संक्षेप

### प्रधान पाठक ने किया स्कूल को वॉटर ड्रम भेंट

**बिलाईगढ़।** स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं अपने जन्मदिवस के अवसर पर 12 जनवरी को शासकीय प्राथमिक शाला बांसउरकुली, विकासखंड बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के प्रधान पाठक विनोद डडसेना ने प्रेरणादायक पहल करते हुए बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने एवं विद्यालय में स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी बालिकाओं को कपड़ा तथा स्कूल को वॉटर ड्रम भेंट किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक डडसेना ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ बच्चों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुविधा का ध्यान रखना भी शिक्षक का कर्तव्य है। गौरतलब है कि विनोद डडसेना शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, कबाड़ से जुगाड़, किचन गार्डन निर्माण, वृक्षारोपण जैसे रचनात्मक कार्यों के साथ साथ समाज सेवा के क्षेत्र में भी निरंतर सक्रिय रहे हैं।

### श्री संकटमोचन मंदिर में मनाया स्वाभिमान पर्व

**राउरकेला।** राउरकेला के प्रसिद्ध संकटमोचन मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सनातनी श्रद्धालुओं ने विधिवत रुद्राभिषेक पूजा कर भगवान शिव की आराधना की। पूजा के पश्चात मंदिर परिसर के बाहर श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। पवित्र सोमनाथ मंदिर पर मुगल आक्रांताओं के आक्रमण को एक हजार वर्ष पूर्ण होने तथा मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अखंड और अक्षुण्ण सनातन परंपरा के संदेश को जन जन तक पहुंचाने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है।

### केल्लो आरक्षित वन क्षेत्र में शिशु हाथी की मौत

**राउरकेला।** 13 जनवरी जारदा वन क्षेत्र के अंतर्गत केल्लो आरक्षित वन में 12 जनवरी को दोपहर लगभग 3 बजे एक बछड़े की मौत की सूचना मिलने पर देवगढ़ के प्रभागीय वन अधिकारी डीएफओ के निर्देश पर एक फील्ड टीम गठित की गई। इस टीम में वन विभाग के मैदानी कर्मचारी, एक पशु चिकित्सक तथा पीआरटी टीम के सदस्य शामिल थे। टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर खोज व ट्रैकिंग अभियान शुरू किया। लगातार प्रयासों के बाद 13 जनवरी की सुबह लगभग 9 बजे एक नर बछड़े का शव ढूंढकर बरामद किया गया। बोनई और गुरुंडिया के ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारियों बीवीओ द्वारा पोस्टमार्टम किया गया।

## निधन...

### हितबाई स्वर्णकार



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 13 निवासी हितबाई स्वर्णकार पति स्व. बुटरू उर्फ रूपराम स्वर्णकार का निधन बीते सोमवार को हो गया। वे 96 वर्ष की थी। उनके निधन पर वार्ड पार्षद एवं उपाध्यक्ष उमेश साव ने गहरा शोक प्रकट करते हुए कहा कि अधिक उम्र दराज होने के कारण इनका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता था उनके परिवार जन उनके इलाज करा रहे थे।

घरघोड़ा में आयोजित स्पर्धा में रणजी, बोर्ड ट्रॉफी के खिलाड़ी लेंगे भाग

# ओपी जिंदल मेमोरियल ऑल इंडिया क्रिकेट स्पर्धा 15 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

घरघोड़ा में विगत 41वर्षों से लगातार क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आयोजन होता आ रहा है इस वर्ष प्रतियोगिता का 42वां वर्ष है ओपी जिंदल मेमोरियल आल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन इस वर्ष 15 जनवरी से 21 जनवरी 26 तक होगा।

प्रतियोगिता में रांची राउरकेला, रायपुर, बृजराजनगर, रायगढ़, जशपुरएओ पी जिंदल क्रिकेट एकेडमी ऑल स्टार घरघोड़ा, एन टी पी सी तिलाईपाली जैसे अच्छी टीमों को प्रवेश दिया गया है। जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने बताया किइस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिस तरह डग आउट की व्यवस्था खिलाड़ियों के बैठने के लिए रहती है वही व्यवस्था घरघोड़ा स्टेडियम में रहेगा। टीमों में रणजी ट्रॉफी, बोर्ड ट्रॉफी खेले हुए खिलाड़ी मा बैगीन डोकरी के पावन धरा पर अपना कौशल दिखाएंगे जिसका आनंद यहां क्षेत्र के खेल प्रेमी जनता लेगी।



### मैच 35, 35 ओवर का नाकआउट आधार पर खेला जाएगा

आयोजन समिति तैयारी प्रारंभ कर चुकी है, टर्फ विकेट पर मैच खेला जाएगा, सफेद बॉल, कलर ड्रेस में मैच खेला जाएगा। आल स्टार अध्यक्ष मनोज बिस्वाल सचिव उमेश शर्मा, किशोर पटनायक विजय शर्मा, राजेश मित्तल, अमित बोहिदार, धनंजय चौबे धीरू सिन्हा, नागेंद्र सिंह, विकाश शर्मा, मनीष बोहिदार, आशीष शर्मा, अश्वनी दर्शन,अनुराग सिंह,आलोक दुबे,आशिफ खान,मोहर यादव, आयोजन समिति अध्यक्ष विजय शिशु सिन्हा अपने पूरी टीम के साथ तैयारी कर रहे हैं, खेल के विकाश के जिंदल पावर लिमिटेड तमनार लगातार उच्च स्तरीय प्रयास करता है खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा एकेडमी भी संचालित कर रहा है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी आगे बढ़ रहे हैं बड़े महानगरों की सुविधा खिलाड़ियों को मिल रही है।

# संक्रांति पर चित्रोत्पला मां गंगा पोरथ धाम में महा आरती में शामिल होंगे जोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



पुराणों में छत्तीसगढ़ की प्रमुख नदी महानदी को चित्रोत्पला भी कहा जाता है। और मकर संक्रांति के अवसर पर चित्रोत्पला गंगा महाआरती का भव्य आयोजन रखा गया है। जिसमें मुख्य रूप से चंद्रपुर से महा आरती की टीम पहुंचेगी और मुख्य अतिथि के रूप में इस बार भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय जोशी व प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने के मुख्य अतिथि में चित्रोत्पला गंगा महा आरती का भव्य आयोजन 14 जनवरी को किया गया है। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है।

14 जनवरी बुधवार दोपहर 1 बजे अटल चौक सरिया में मुख्य अतिथि संजय जोशी का स्वागत होगा और यहीं पर भारत रत्न श्रद्धेय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम रखा गया है। इसी तरह महात्मा गांधी चौक में भी सम्मानित अतिथियों के द्वारा पुष्प माला पहनकर स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चाप अलेख महिमा आश्रम में श्रद्धालुओं की भोजन व्यवस्था के साथ मुख्य अतिथि संजय जोशी को नावघाट नदीगांव से नाव के माध्यम से पोरथ धाम जाएगें और यहां दोपहर में शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

# राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में शामिल हुई गांव की बेटी सुनीति



**सरिया।** बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप प्रतियोगिता में गांव की बेटी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गांव का नाम रोशन किया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के तहसील मुख्यालय सरिया के ग्राम रानीडीह निवासी छत्रपति प्रधान की सुपुत्री कुमारी सुनीती प्रधान ने बेंगलुरु में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योगासन चैंपियनशिप प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस प्रतियोगिता में देशभर के विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया और पारंपरिक योगासन एकलात्मक योग जैसी स्पर्धा में सुनीति ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई।

बीते 5 से 9 जनवरी तक आयोजित इस प्रतियोगिता में रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर की छात्रा कुमारी सुनीती प्रधान भी शामिल हुई। सुनीती प्रधान छत्तीसगढ़ से एकमात्र योगासन की छात्रा थी। आज मंगलवार को अपने गृह ग्राम रानीडीह पहुंचने पर ग्राम पंचायत सरपंच सुकलाल चौहान सहित ग्राम वासियों ने उनका सम्मान किया। राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में सुनीती की भागीदारी युवा छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। और उन्हें योग अनुशासन और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करती है। गांव की बेटी सुनीती प्रधान ने ऑल इंडिया योग प्रतियोगिता में अपनी योग क्षमता का प्रदर्शन करके क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किए जाने से सरपंच सुकलाल चौहान ने उनका फूल माला पहना कर एवं मुंह मीठा का स्वागत किया। सरपंच द्वारा गाँव में गाजेबाजे के साथ गांव की लाडली बेटी का सम्मान किया। गांव में एक कार्यक्रम कर सभी ने लाडली बेटी की स्वागत में पहुंचे। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सतपथी ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करने पर कुमारी सुनीती प्रधान का सम्मान किया। सुनीती प्रधान अपना करियर योग में बनाना चाहती है। सुनिधि प्रधान बताती है कि योग के बारे में लोगों में कई तरह की भ्रांतियां हैं। योग हमें स्वस्थ तो रखता ही है और दूसरी ओर इसमें करियर का भी अपार संभावनाएं हैं। सुनीती ने बताया कि उनके गांव में वह पहली छात्रा है।

### श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन

**कोसीर।** मां कोश्लेशवरी की ग्राम्य नगर कोसीर में पिछले कई वर्षो की भांति इस वर्ष भी शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है जो 15 जनवरी से भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा जो यह विशेष श्री शिव कथा का कलश यात्रा पूरे गांव मे भ्रमण की जायेगी जिसकी तैयारी ग्राम सरपंच व समस्त ग्राम वासियो व आयोजन समिति के दारा की जा रही है जो कि लगभग पूर्ण रूप कर ली गई है यह अमृत रूपी कथा मा कोश्लेशवरी मंदिर के समीप होगी जिसकी कथा वाचिका लाडली रूचिता तिवारी बिलासपुर से होगी। आयोजन समिति ने बताया अमृत रूपी यह कथा दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चलेगी आयोजन कर्ता ओ ने समस्त ग्राम वासियो एवं क्षेत्र वासियो से से सपरिवार आकर भगवान शिव की अमृत रूपी कथा सुनकर व कथा स्थल में आकर कार्य क्रम को सफल बनाने अपील की है कार्य क्रम का विवरण इस प्रकार से है प्रथम दिवस कलश यात्रा एवं कथा प्रारंभ होगी।

# घरघोड़ा में खेल स्पर्धा का आयोजन महिलाओं ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



युवा खेल कल्याण विभाग द्वारा विकास खंड घरघोड़ा मुख्यालय मे खेल प्रतियोगिता का आयोजन माध्यमिक शाला खेल मैदान में आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालयीन छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता निभाते हुए अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिता मे नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्राओं ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ छत्तीसगढ़ महतारी भारत माता एवं माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर एवं कार्यक्रम में उपस्थित जनपद पंचायत अध्यक्ष सहनू राम पैंकरा एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी द्वारा एक सौ मीटर की दौड़ को ध्वज दिखा कर किया गया। इस अवसर पर पुलिस आरक्षी केंद्र प्रभारी घरघोड़ा के कुमार गौरव साहू ने उपस्थित होकर अपनी सहभागिता निभायी द्यएक दिवसीय प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, खो-खो, रस्साकसी, बैडमिंटन, वालीवाल, बास्केटबॉल, हॉकी, कुश्ती, फुटवाल खेल शामिल थे द्यकार्यक्रम मे विकास खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी एवं प्रतियोगिता का संयोजन किया। द्यविकास खंड स्त्रोत समन्वयक मनोज प्रधान ने शासन द्वारा खेल के क्षेत्र मे चलाये जा रही योजनाओं के संबंधित जानकारी प्रदान की द्यइस अवसर पर 100 मीटर दौड़ में राधिका राठिया 400 मीटर दौड़ निधि साव तवा फेंक प्रज्ञा पटेल बैडमिंटन प्रज्ञा पटेल खो-खो में शासउमा शाला नवापारा टेंडा रस्सा कसी शासउमा शाला नवापारा टेंडा के छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना स्थान बनाया।

## छग प्रदेश कार्यकारिणी घोषित, गनपत अध्यक्ष और संजय बने महासचिव

**कुड़ेकेला।** ग्रामीण पत्रकारों के हितों के लिए समर्पित देश के प्रमुख संगठन रूरल जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने छत्तीसगढ़ राज्य में अपने संगठन का विस्तार करते हुए नई प्रदेश कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा कर दी है राष्ट्रीय नेतृत्व ने अनुभवी पत्रकारों पर भरोसा जताते हुए राज्य की कमान सौंपी है।



संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश सिंह शेखावत ने छत्तीसगढ़ इकाई के लिए नई कार्यकारिणी के नामों पर अपनी मुहर लगाई है संगठन के राष्ट्रीय महासचिव गणेश शर्मा ने इस संबंध में अधिकारिक सूची जारी करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के सुदूर व ग्रामीण अंचलों में कार्यरत पत्रकारों को संगठित करना और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ना संगठन की प्राथमिकता है। नवनियुक्त पदाधिकारियों की टीम प्रदेश अध्यक्ष गनपत चौहान, प्रदेश महासचिव संजय शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष, बुधराम अग्रवाल, आगामी रणनीतिः ब्लॉक स्तर तक होगा विस्तार। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष गनपत चौहान और प्रदेश महासचिव संजय शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि संगठन जल्द ही छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों और ब्लॉक स्तर पर सक्रिय पत्रकारों को जोड़कर कार्यकारिणी का विस्तार करेगा। सुरक्षा और अधिकार ग्रामीण क्षेत्रों में चुनौतियों के बीच काम करने वाले पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशिक्षण कार्यक्रम दुर्गम क्षेत्रों के संवाददाताओं के लिए आधुनिक पत्रकारिकता के गुर सीखने हेतु कार्यशाला आयोजित करना। शासन की पत्रकार कल्याण योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के पत्रकार तक पहुंचाना।

# अशोक से मिले नागरिक सहकारी बैंक के प्रतिनिधि

**बिलासपुर।** नागरिक सहकारी बैंक बिलासपुर के नव निर्वाचित अध्यक्ष अशोक अग्रवाल को उनके बिलासपुर स्थित निवास पर रायगढ़ नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित के प्रतिनिधियों द्वारा आत्मीय भेंट कर बधाई दी गई। इस अवसर पर बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

यह मुलाकात और भी विशेष रही, क्योंकि इसी अवसर पर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल के 72वें जन्मदिन का भी उल्लासपूर्वक अभिनंदन किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर रायगढ़ नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित के अध्यक्ष एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, प्रबंधक केशव प्रसाद पटेल, बैंक के संचालक एवं नेशनल कोऑपरेटिव यूनियन ऑफ इंडिया के प्रदेश प्रतिनिधि प्रेम नारायण मौर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने अशोक अग्रवाल के सहकारिता क्षेत्र में लंबे अनुभव और योगदान की सराहना की।



### सहकारिता क्षेत्र को मजबूती देने पर चर्चा

भेंट के दौरान सहकारी बैंकों की भूमिका, आम नागरिकों तक बैंकिंग सुविधाओं की पहुंच और सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने जैसे विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने विश्वास व्यक्त किया कि अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में उनके 7वें अध्यक्षीय कार्यकाल में नागरिक सहकारी बैंक बिलासपुर नई ऊंचाइयों को छुएगा।

### अनुभव और नेतृत्व का संगम

अशोक अग्रवाल को सहकारिता क्षेत्र में एक अनुभवी, दूरदर्शी और जनसमर्पित व्यक्तित्व के रूप में जाना जाता है। उनके नेतृत्व में बैंक के कार्यों में पारदर्शिता, विश्वास और सेवा भावना को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई। इस अवसर ने न केवल आपसी सौहार्द को प्रगाढ़ किया, बल्कि सहकारी बैंकों के बीच समन्वय और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ किया।

## मनीष बने भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ की एक महत्वपूर्ण प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन हाल ही में किया गया।



बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों, भविष्य की कार्ययोजना, संगठनात्मक विस्तार एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के तहत मनीष चेलक को सर्वसम्मति से पुनः भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से संगठन के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना, युवाओं की भागीदारी बढ़ाना तथा सामाजिक अन्याय, शोषण और भेदभाव के विरुद्ध संगठित संघर्ष की दिशा तय करना रहा। इस दौरान कार्यकर्ताओं से सुझाव लिए गए।

और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। मनीष चेलक की पुनः नियुक्ति पर संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि वे लंबे समय से सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय रहते हुए संगठन को ग्रामीण अंचलों तक पहुँचाने, पीड़ितों की आवाज प्रशासन तक पहुँचाने तथा आरटीआई व जनहित से जुड़े मामलों में प्रभावी भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनके पूर्व कार्यकाल में संगठनात्मक मजबूती और सक्रियता को देखते हुए उन्हें दोबारा यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश सचिव बनाए जाने के बाद मनीष चेलक ने संगठन नेतृत्व एवं प्रदेशभर से आए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रवाद और आध्यात्मिकता का बताता है मार्ग

# सुमीत के शपथ ग्रहण में शामिल हुए कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



स्वामी विवेकानंद ने कहा था उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत खुद पर विश्वास करो सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है हर मनुष्य के अंदर ईश्वर है और शिक्षा को व्यावहारिक बनाओ उनका आह्वान युवाओं को सशक्तिकरण, राष्ट्रवाद और आध्यात्मिकता का मार्ग बताता हैं विवेकानंद ने एकता शारीरिक मानसिक शक्ति और रूढ़िवादिता से मुक्ति पर जोर दिया, जिससे भारत को विश्व गुरु बनाया जा सकें।

उक्त बाते नव नियुक्त भाजयुमो अध्यक्ष सुमीत शर्मा ने जिला भाजपा कार्यालय में विधिवत शपथ ग्रहण के दौरान बूढ़ी माई बाबा प्रियदर्शी राम हठयोगी सत्यनारायण बाबा को नमन करते हुए कही। जिला भाजपा कार्यालय में शपथ ग्रहण के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान महापौर जीवर्धन चौहान सभापति डिग्री साहू पूर्व अध्यक्ष उमेश अग्रवाल निवृतमान अध्यक्ष विनायक पटनायक, कमल गर्ग, मुकेश जैन, विकास केडिया, जतिन साव, विलिस गुप्ता, गोकुल यादव, नरेश पंडा, नीलम रंजू, संजय सनत नायक, गायत्री केशरवानी, शीला तिवारी, पावन अग्रवाल, पवन शर्मा, रत्थू गुप्ता, संजय अग्रवाल, शैलेश माली, रवीन्द्र गबेल की मौजूदगी रही। जिले भर से आए भाजयुमो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए युवा नेता ने भरोसा दिलाते हुए कहा मै अध्यक्ष नहीं बल्कि आज भी एक कार्यकर्ता के रूप में आप लोगो के बीच सदा उपलब्ध रहूंगा।

